<u>उत्तर पश्चिम रेलवे</u>

रेल भर्ती कक्ष,
भवन नं. 04, द्वितीय तल, केन्द्रीय रेलवे अस्पताल के सामने,
द्वितीय प्रवेश द्वार के पास, रेलवे स्टेशन, जयपुर
वेबसाइट www.rrcjaipur.in

सं.-740ई /आरआरसी/एस&जी/2026-27 दिनांक 16.11.2026

सर्व संबंधित,

विषय :- रोजगार सूचना संख्या 01/2026 के अन्तर्गत स्काउट एवं गाईड कोटे के लिए वर्ष 2026-27 में की जाने वाली भर्ती हेतु पात्र/अपात्र आवेदन के संबंध में।

संदर्भ :- इस कार्यालय का संदर्भित पत्र दिनांक 27.10.2026

****

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2026-2027 में स्काउट एवं गाईड कोटे के अन्तर्गत विज्ञापित लेवल-2 व लेवल-1 के पदों पर भर्ती के लिए जारी अधिसूचना संख्या 01/2026 (स्काउट एवं गाईड कोटा/आरआरसी/उपरे) दिनांक 29.06.2026 के सम्बन्ध में ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों की जाँच के पश्चात अपात्र / पात्र एवं प्रोविजनली पात्र पाए गए आवेदनों की सूची, संदर्भित पत्र दिनांक 27.10.2026 के द्वारा वेबसाइट पर सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित की गई थी एवं उक्त सूची के विरूद्ध दिनांक 30.10.2026 को 18.00 बजे तक आपत्तियाँ (यदि कोई हो) आंमत्रित की गई थी। उक्त के संबंध में प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा उपरान्त पूर्व में जारी पात्र/ प्रोविजनली पांत्र एवं अपात्र अभ्यार्थियों की सूची को यथावत रखा गया है।

उक्त पदों पर भर्ती के लिए पात्र/प्रोविजनली पात्र पाए गए अभ्यार्थियों की सीबीटी का आयोजन शीघ्र किया जाना प्रस्तावित है। किसी भी प्रकार की अपडेट के लिए इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.rrcjaipur.in का अवलोकन करते रहें।

Sd/-
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष
उत्तर पश्चिम रेलवे,जयपुर